an>

Title: Need to extend Delhi-Udaipur flight to Rajkot and increase its seating capacity.

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया (राजकोट) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान सौराÂष्ट्र क्षेत्र् विशेÂषकर राजकोट के औद्योगिक एवं व्यावसायिक लोगों की काफी समय से लंबित मांग की ओर दिलाना चाहता हूं। जैसे आप जानते हैं, राजकोट शहर की आबादी 30 लाख है तथा यह गुजरात के सौराÂष्ट्र क्षेत्र् में व्यावसायिक एवं आर्थिक हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। गुजरात के इस भाग के लोग राजकोट-दिल्ली-राजकोट सैक्टर में सीधी वायु सेवा में सीटों की क्षमता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस रूट पर चलने वाले एयरक्राफ्ट की सिटिंग क्षमता काफी कम है और यह राजकोट, मोरबी, जामनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, सुरेन्द्र नगर, अमरेली, भावनगर तथा कच्छ के यात्रियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा नहीं कर पा रही है। आप सहमत होंगे कि पर्यटन क्षेत्र् को बढ़ावा देने, उसका विकास करने तथा व्यावसायिक पर्यटकों और सोमनाथ एवं द्वारका मंदिर जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने वाले धार्मिक पर्यटकों के आसानी से आवागमन के लिए हमें इस रूट पर वर्तमान फ्लाइटों में सीटों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ एयर कनैक्टिविटी भी बढ़ाने की आवश्यकता है।

मैं इस क्षेत्र् में वायु सेवा की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि दिल्ली-राजकोट-दिल्ली सैक्टर में चलने वाली फ्लाइटों में बैठने की क्षमता बढ़ाई जाए। यात्रियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए दिल्ली-उदयपुर की फ्लाइट को राजकोट तक बढ़ाया जाए।

मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि इस मामले में हस्तक्षेप करें और गुजरात के सौराÂष्ट्र क्षेत्र् में यात्रियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए उपरोक्त सुझावों पर विचार करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Mohanbhai Kalyanjibhai Kundariya.